राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटगिल पुरस्कार 2024

स्रोत: पी.आई.बी

हाल ही में भारत की राष्ट्रपति ने स्वास्थ्य सेवा और सार्वजनिक सेवा में उनके अनुकरणीय योगदान को मान्यता देते हुए 15 नर्सिंग पेशेवरों **को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटगिल पुरस्कार 2024 प्रदान किये।**

- **पुरस्कार मान्यता:** राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटगिल पुरस्कार की स्थापना वर्ष 1973 में **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा** विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग कर्मियों को सम्मानित करने के लिये की गई थी।
    - पंजीकृत सहायक नर्स एवं मिडवाइफ, पंजीकृत नर्स एवं मिडवाइफ व पंजीकृत महिला आगंतुक की श्रेणियों में कुल 15 पुरस्कार दिये गए।
    - यह पुरस्कार **केंद्र, राज्य/केंद्रशासित प्रदेश और स्वैच्छिक संगठनों** में कार्यरत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नर्सिंग कर्मियों को दिया जाता है। प्रत्येक पुरस्कार में **मेरिट प्रमाण पत्र, 1 लाख रुपए का नकद पुरस्कार और मेडल** शामिल है।
- **नर्सिंग पहल:** भारत सरकार ने शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिये 157 नर्सिंग कॉलेज स्थापित किये हैं तथा राष्ट्रीय नर्सिंग एवं मिडवाइफरी आयोग (NNMC) अधिनियम, 2023 के तहत राष्ट्रीय नर्सिंग एवं मिडवाइफरी आयोग का गठन किया है।

और पढ़ें: अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस 2024

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-florence-nightingale-awards-2024